# डे एनयूएलएम योजना का लाभ लेकर व्यवसाय को आगे बढ़ा रहे शहरी गरीब



जमशेदपुर : मानगो नगर निगम द्वारा कई शहरी गरीबों को भिन्न-भिन्न बैंकों से लोन मुहैया कराकर उनके स्वरोजगार को गति देने का प्रयास किया जा रहा है. एक शहरी गरीब महिला जोबा चौधरी को इसका काफी फायदा हुआ है. वे कालिका नगर में एक ग्रॉसरी शॉप चलाती हैं.

इसी बीच पूंजी के अभाव में दुकान को चलाने में काफी दिक्कत होने लगी. अपने परिवार का भरण पोषण करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ने लगा. जोबा चौधरी बताती हैं कि लॉकडाउन के कारण कारोबार काफी प्रभावित हुआ था. इसी बीच मानगो नगर निगम में कार्यरत सीआरपी उर्मिला देवी के द्वारा डे एनयूएलएम योजना के बारे में उन्हें जानकारी दी गई. मानगो नगर निगम के सी एम एम यू कोषांग के द्वारा बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए एवं बैंक ऑफ इंडिया, ओल्ड पुरुलिया रोड मानगो शाखा से 100000 का लोन दिलाया गया. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने कहा कि इस श्रेणी में आवेदन करने वाले अब तक 50 से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है. इस योजना के तहत व्यक्तिगत रूप से अधिकतम 200000 तक का लोन बैंकों से मिल सकता है एवं लोन राशि के अलावा इंटरेस्ट सब्सिडी का 7 प्रतिशत लाभुकों को देना होता है.

# मानगो गांधी मैदान, डिमना चौक, डिमना रोड में हुआ स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वे



जमशेदपुर : मानगो नगर निगम अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए वेंडिंग जोन में जाकर स्ट्रीट फूड वेंडरों का मोबिलाइजेशन तथा सर्वे का कार्य किया जा रहा है. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अब तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं करने वाले स्ट्रीट फूड वेंडर अपना आवेदन कार्यालय में दे सकते हैं. उन्होंने बताया कि अब तक 700 से ज्यादा स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के निर्देशानुसार मानगो नगर निगम अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स को दो दिवसीय प्रशिक्षण नगर निगम परिसर के गांधी स्कूल में दिया जा रहा है. उन्होंने बताया स्ट्रीट फूड वेंडरों को दो दिन तक लगातार प्रशिक्षण लेना आवश्यक है. दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए आज डिमना चौक, डिमना रोड, गांधी मैदान के वेंडिंग जोन में लगाने वाले विक्रेताओं का सर्वे कर मोबिलाइजेशन किया गया.

नगर निगम के
माध्यम से
बैंक से लोन लेकर
**आत्मनिर्भर**
हो रहे स्ट्रीट फूड वेंडर्स

❖❖❖

**मानगो नगर निगम**
क्षेत्र में जारी है
**मोबिलाइजेशन व सर्वे**
का कार्य

नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929
Website : www.dmajharkhand.in
Follow us on : @JharkhandDMA